# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 9 मार्च, 2017/ 18 फाल्गुन, 1938 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 20**

----

### मल-प्रवाह कार्य

***3772 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि चम्बा शहर के कुछ मुहल्लों में मल-प्रवाह का कार्य अभी भी अधूरा पड़ा है; और

(ख) यदि हां, तो इस कार्य को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा तथा इस पर दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

### पौधरोपण

***3773 श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2015-16 में बिलासपुर वन मण्डल में सदर वन परिक्षेत्र के अन्तर्गत कुड्डी व बिनोला बीट में 50 हैक्टेयर भूमि पर पौधरोपण किया गया था;

(ख) यदि हां, तो कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) यह भी सत्य है कि पौधरोपण बारे स्थानीय जनता द्वारा विभाग को अनियमितताओं की शिकायत की थी; यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## मानसिक चिकित्सकों की नियुक्तियां

***3774 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इस वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार ने किस-किस जिला अस्पताल में मानसिक चिकित्सक की नियुक्ति की है ऐसे कौन-कौन से संस्थान हैं जहां मानसिक चिकित्सक का पद स्वीकृत नहीं है अथवा रिक्त पड़ा है; और

(ख) सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## पेयजल उपलब्ध करवाना

***3775 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि बैजनाथ शहर को भटटू नाला से पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ख) यह भी सत्य है कि यह पेयजल पीने योग्य नहीं है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार किसी अन्य स्त्रोत से पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु कोई योजना बना रही है?

----

## अमृत सिटी योजना

***3776 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के कितने नगरों को केन्द्रीय योजना अमृत सिटी (Atal Mission For Rejuvenation and Urban Transformation) के अन्तर्गत लाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है; ब्यौरा नगर के नाम व अद्यतन स्थिति सहित दें;

(ख) इस योजना के नियम की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) नाहन नगर को इस योजना के अन्तर्गत कब तक शामिल किया जाएगा?

----

## नागरिक अस्पताल गोहर

***3777 श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नागरिक अस्पताल गोहर में डॉक्टर, Radiographer व Lab. Technician के कितने-कितने पद सृजित हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इन सृजित पदों में से कितने पद रिक्त हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## आंगनबाड़ी केन्द्र

***3778 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत चार वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आंगनबाड़ी केन्द्र खोले गए हैं; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) कितने केन्द्रों के अपने भवन हैं तथा कितने निजी भवनों में चल रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) विभाग ने इनके भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की है तथा कितनी व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा दें?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना

***3779 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत चार वर्षों में प्रदेश में कितने स्वास्थ्य उप-केन्द्र, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नागरिक अस्पताल और आयुर्विज्ञान महाविद्यालय खोले गए; ब्यौरा जिलावार एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

## Urban Development

***3780 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that several times request for opening of Urban Development Office (private out source) for Lahaul Spiti has been made through Vidhan Sabha and Planning/TAC meeting;

(b) if yes, what steps the Department has taken to make proper master plan by out sourcing to private Company in public interest; and

(c) whether the Department would send a team to Lahaul Spiti for the same at the earliest?

----

## करूणामूलक आधार पर नियुक्तियां

***3781 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्ष 2013 से दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में सरकार द्वारा करूणामूलक आधार पर कितनी नियुक्तियां दी गईं; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि के कितने आवेदन लम्बित हैं तथा इन्हें कब तक नियुक्ति प्रदान की जाएगी?

----

## मिड हिमालयन परियोजना

***3782 श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**
**श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 31 दिसम्बर, 2016 तक मिड हिमालयन प्रोजेक्ट के अन्तर्गत किस-किस मण्डल ने कौन-कौन सी सामग्री किस-किस दर में खरीदी;

(ख) सामग्री खरीदने में क्या निविदायें आमन्त्रित की गई;

(ग) यदि हां, तो निविदाओं की प्रतियां सभा पटल पर रखें; और

(घ) इस योजना के अंतर्गत कितना लेंटाना उखाड़ा गया; ब्यौरा जिलावार दें ?

----

## स्वास्थ्य केन्द्रों में रिक्तियां

*3783 **श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य उप-केन्द्र, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं नागरिक अस्पताल में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; इन पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा श्रेणीवार दें?

----

## पेयजल योजनाएं

*3784 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी पेयजल योजनाएं हैं जो बिना फिल्टर के संचालित की जा रही हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) सरकार कितनी योजनाओं की remoulding करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## भवन रहित स्वास्थ्य संस्थान

*3785 **श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितने स्वास्थ्य संस्थान हैं जिनके अपने भवन नहीं हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें; और

(ख) सरकार द्वारा इनके भवन निर्माण हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## नगर परिषद् मनाली की आय

*3786 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों से नगर परिषद् मनाली में 50/-रू0 तहबाज़ारी के अन्तर्गत कितने लोगों को अनुमति दी गई और कितने लोग कार्य कर रहे हैं; उनके नाम पते सहित वर्षवार सूची सभा पटल पर रखें; और

(ख) इस अवधि में तहबाज़ारी के अन्तर्गत नगर परिषद् मनाली को वर्षवार कितनी-कितनी आय प्राप्त हुई; ब्यौरा दें?

----

## धारा-118 के अन्तर्गत मामले

***3787 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2017 तक सरकार द्वारा "हिमाचल प्रदेश अभिधृति और भूमि सुधार अधिनियम 1971 (HP Tenancy & land Reforms Act 1971) की धारा-118" के अन्तर्गत भूमि क्रय करने हेतु कितने व्यक्तियों/संस्थाओं को अनुमति दी गई; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

## बर्थ वेटिंग सुविधा

***3788 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि स्वास्थ्य विभाग ने IGMC, कमला नेहरू, दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल एवं अन्य जिला अस्पतालों में कहां-कहां बर्थ वेटिंग सुविधा प्रदान की है, इसमें प्रवेश हेतु क्या मापदण्ड रखे गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

***3789 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने स्वास्थ्य संस्थान हैं; इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; सरकार इनको कब तक भरने का विचार रखती है;

(ख) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक इन स्वास्थ्य संस्थानों के कितने भवनों का निर्माण किया जा रहा है और कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा संस्थानवार दें; और

(ग) सरकार क्या इस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में नए स्वास्थ्य संस्थान खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कहां-कहां; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजनाएं

***3790 श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत हिमगिरी, चीह, पजेई, बड़न्त्र, आयल, थल्ली, गड़फरी, तिस्सा 1st, भंजरारू, कल्हेल, चोली, कोहल, मसरूंड, पुखरी और राजनगर पेयजल योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इंडनाला से राजनगर पाइप लाइन का कार्य पूर्ण हो गया है; यदि हां, तो इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई; इस योजना से कितने गांव लाभान्वित हुए; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजना

***3791 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत पेयजल योजना ग्राम पंचायत हलाण-I और ग्राम पंचायत हलाण-II पान कोट, मान कोट पेयजल योजनाओं को स्वीकृत किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इन योजनाओं को कब स्वीकृत किया गया और इन पर कितनी लागत आएगी और इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 21 फरवरी , 2017.** **सचिव।**